उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा
**Uttar Pradesh University of Medical Sciences,**
**Saifai, Etawah- 206130 (www.upums.ac.in)**

पत्र संख्याः 3666/यूपीयूएमएस /परीक्षा वि0 (68)/2025–26        दिनांकः 04 नवम्बर, 2025

सेवा में,

संकायाध्यक्ष (चिकित्सा संकाय, दन्त विज्ञान संकाय, नर्सिंग संकाय, पैरामेडिकल विज्ञान संकाय एवं फॉर्मेसी संकाय) समस्त विभागाध्यक्ष (मेडिकल)
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई।

विषयः विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की सातवीं बैठक दिनांक 25.09.2025 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

आपको अवगत कराना है कि उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 25.09.2025 को आयोजित विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की सातवीं बैठक में निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं को प्रेषित किया गया थाः–

- विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर विभिन्न पाठ्यक्रमों के कोर्स कोड।
- विश्वविद्यलाय में चिकित्सा संकाय के अन्तर्गत संचालित एमबीबीएस पाठ्यक्रम में अधिकतर विषयों के प्रश्न पत्रों में पार्ट–ए एवं पार्ट–बी हेतु अलग–अलग उत्तरपुस्तिकाओं को देने का प्राविधान किया जा रहा है साथ ही अन्य संकायों में भी, यदि इस तरह के प्रश्न पत्र है तो उनमें भी प्रत्येक पार्ट की अलग–अलग उत्तरपुस्तिकाएं दिये जाने हेतु।
- विश्वविद्यलाय में विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों की थिसिस मूल्यांकन के लिए सॉफ्ट (पीडीएफ–पासवर्ड प्रोटेक्टेड) कॉपी प्रेषित करने हेतु।
- विश्वविद्यालय में संचालित समस्त स्नातक एवं स्नाकोत्तर परीक्षा सम्बन्धी प्रि एवं पोस्ट कार्य को समर्थ पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु।
- विश्वविद्यालय में विभिन्न संकांयों के अन्तर्गत संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रोग्राम कोड हेतु।

अतः उपरोक्त एजेण्डा बिन्दुओं को विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया उक्त को अनुपालन कराने का कष्ट करें।

धन्यवाद

(डा0 आलोक दीक्षित)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ हेतु प्रेषितः–

1. संयोजक विद्या परिषद।
2. प्रमुख निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
3. प्रभारी अधिकारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर Examination लिंक के Examination General Notice & SOP में अपलोड कराने का कष्ट करें।

(डा0 आलोक दीक्षित)
परीक्षा नियंत्रक

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130
Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130
Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in

संख्या– 173/यूपीयूएमएस/संकायाध्यक्ष चि.सं.(2188–सीडी)/2025–26 दिनांक 11 अक्टूबर, 2025

सेवा में,
परीक्षा नियंत्रक
यूपीयूएमएस, सैफई।

विषय : विद्या परिषद की सातवीं बैठक दिनांक 25.09.2025 में लिए गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

विद्या परिषद की सातवीं बैठक दिनांक 25.09.2025 में आपसे सम्बन्धित निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं पर विद्या परिषद द्वारा लिए गये निर्णयों के अनुसार कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें–

| | |
|---|---|
| 7–(5.1) | **विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर विभिन्न पाठ्यक्रमों के कोर्स कोड के सम्बन्ध में।**<br><br>**निर्णयः–** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7–(5.2) | **विश्वविद्यालय में चिकित्सा संकाय के अन्तर्गत संचालित एमबीबीएस पाठ्यक्रम में अधिकतर विषयों के प्रश्न पत्रो में पार्ट–ए एवं पार्ट–बी हो गया है। इसलिए परीक्षा में समस्त छात्र–छात्राओं को पार्ट–ए एवं पार्ट–बी हेतु अलग–अलग उत्तरपुस्तिकाओं को देने का प्राविधान किया जा रहा है साथ ही अन्य संकायों में भी, यदि इस तरह के प्रश्न पत्र है तो उनमें भी प्रत्येक पार्ट की अलग–अलग उत्तरपुस्तिकाएं दिये जाने के सम्बन्ध में।**<br><br>**निर्णयः–** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7–(5.3) | **विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रमों की थिसिस मूल्यांकन के लिए सॉफ्ट (पीडीएफ– पासवर्ड प्रोटेक्टेड) कॉपी के सम्बन्ध में।**<br><br>**निर्णयः–** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7–(5.4) | **विश्वविद्यालय में संचालित समस्त स्नातक एवं स्नाकोत्तर परीक्षा सम्बन्धी प्रि एवं पोस्ट कार्य को समर्थ पोर्टल के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में।**<br><br>**निर्णयः–** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7–(5.5) | **विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रोग्राम कोड के सम्बन्ध में।**<br><br>**निर्णयः–** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7–(10.7) | **विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं परीक्षा विभाग हेतु एसोसिएट डीन/सब डीन नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**<br>**प्रस्तावनाः–** विश्वविद्यालय में चिकित्सा संकाय, पैरामेडिकल संकाय, फार्मेसी संकाय, नर्सिंग संकाय एवं दन्त संकाय के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र/छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन संकायों के कार्यों हेतु विश्वविद्यालय के अधिनियम के अनुसार वरिष्ठतम संकाय सदस्य को चक्रानुक्रम में संकायाध्यक्ष के रूप में नामित किया जाता है तथा विश्वविद्यालय में एक परीक्षा नियंत्रक का पद भी सृजित है। संकायों में छात्र/छात्राओं की प्रवेश प्रकिया, टीचिंग कार्य, आन्तरिक परीक्षाएं एवं शैक्षणिक कैलेंडर के अतिरिक्त अन्य विभिन्न प्रकार के कार्य सम्पन्न होते हैं तथा सभी संकायों के |

Subhash
Issue letter
regarding
approved proposals

# उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130

**Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130**

Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in




**पृष्ठभूमिः–** विश्वविद्यालय के संकायों में यू0जी0/पी0जी0 एवं सुपरस्पेशियालिटी पाठ्यक्रम संचालित हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेशित होने वाले छात्र/छात्राओं की टीचिंग एवं परीक्षाओं को सुचारू रखने की आवश्यकता है।

**नियम/कृत कार्यवाही/निष्कर्ष/निर्णयः–** कार्यों को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से करने के लिए विश्वविद्यालय की आवश्यकता के दृष्टिगत एसोसिएट डीन/सब डीन नामित किये जाने हैं।

**प्रस्ताव का आधारः–** शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षा की समयबद्धता, छात्रहित एवं विश्वविद्यालय हित।

**प्रस्ताव :–** विश्वविद्यालय में कार्यरत प्रोफेसर (विभागाध्यक्ष को छोड़कर) में से ऐसे उपयुक्त संकाय सदस्य, जो कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के इच्छुक हो के नाम प्राप्त होने के पश्चात उनमें से वरिष्ठतम प्रोफेसर (विभागाध्यक्ष को छोड़कर) को अधिकतम तीन वर्ष के लिए नामित किया जायेगा।

आवश्यक एसोसिएट डीन/सब डीन का विवरण निम्नवत है–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| o | चिकित्सा संकाय हेतु | – | 01 | एसोसिएट/सब डीन |
| o | पैरामेडिकल संकाय हेतु | – | 01 | एसोसिएट/सब डीन |
| o | नर्सिंग संकाय हेतु | – | 01 | एसोसिएट/सब डीन |
| o | फार्मेसी संकाय हेतु | – | 01 | एसोसिएट/सब डीन |
| o | दन्त संकाय हेतु | – | 01 | एसोसिएट/सब डीन |
| o | परीक्षा विभाग हेतु | – | 01 | एसोसिएट/सब डीन |

**प्रस्ताव पर अपेक्षित अनुमोदनः** उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

**निर्णयः–** विद्या परिषद द्वारा एसोसिएट डीन पदनाम का अनुमोदन दिया गया।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय
एवं संयोजक विद्या परिषद